>

Title: Need to withdraw the abolition of Central Sales Tax in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): केन्द्र सरकार के केन्द्रीय बिक्री (सेल्स टेक्स) कर को चरणबद्ध तरीके से दूर करने के कारण राज्य की कर आय को बड़ा नुकसान हुआ है एवम् राज्य की आर्थिक स्थिति को भी हानि पहुंच रही है। सरकार ने इस नुकसान की भरपाई करने का आश्वासन दिया है।

अतः मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि जब तक जी.एस.टी. पर अमल नहीं होता तब तक राज्य सरकार के पत्र दिनांक 22.08.2008 के अनुसार नुकसान (बिक्री कर का भुगतान) की भरपाई करे।